# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 619 / कार्य-2 / 39 दिनांक 23/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः-विकास खण्ड-मुसाफिरखाना की क्षेत्र पंचायत बैठक में उठे मुद्दो एवं समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति की आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत दिनांक 22.05.20236 को विकास खण्ड-मुसाफिरखाना के ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों (एम0एल0सी0, विधायक एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों) द्वारा जल जीवन मिशन की कार्यशैली एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर नारजगी व्यक्त किये जाने सम्बन्धी समाचार पत्र में प्रकाशित में प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया गया है।

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड-मुसाफिरखाना में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 39 नग योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-गाजा द्वारा 15 नग ग्रामीण पेयजल योजनायें, मेसर्स गायत्री-रैम्की द्वारा 18 नग ग्रामीण पेयजल योजनायें एवं मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 द्वारा 06 नग ग्रामीण पेयजल योजनायें का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें से कुल 39 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 26 नग योजनाओं का समस्त कार्य पूर्ण अनुरक्षणाधीन के अन्तर्गत संचालित की जा रही है। अन्य शेष 13 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे यथाशीघ्र पूर्ण कर अनुरक्षणाधीन के अन्तर्गत संचालित करा दिया जायेगा।

अतः महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित है कि माननीय जनप्रतिनिधियों की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

भवदीय

(अनिल कुमार राव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 619 / कार्य-2 / 39 दिनांक 23/05/2026

**प्रतिलिपिः**-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), महोदय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या (कैम्प-सुलतानपुर)।
4. सम्बन्धित फर्म को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त शेष योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता पर देते हुये कार्य गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Kumar Gon

Ranjan फिरखाना। संवाददाता शुक्रवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग और जल जीवन मिशन विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। बैठक में समस्याओं का संतोषजनक जवाब न मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।बैठक में एमएलसी शैलेंद्र सिंह, विधायक राकेश प्रताप सिंह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य उदयराज यादव, धर्मेश तथा बीडीओ विनय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। इस दौरान ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने सबसे अधिव शिकायतें विद्युत विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उठाई। हालांकि संबंधित विभागों के अधिकारी समस्याओं का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर एमएलसी शैलेंद्र सिंह ने प्रस्ताव रखा कि वह विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी से मिलकर इन समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। वहीं विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका त्वरित समाधान करने की नसीहत देते हुए कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को उपहार भेंट कर उनके कार्यकाल के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।